**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 08.08.2026** **समय : 1905**

1. भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज द्वीप समूह के दो दिवसीय दौरे पर श्री विजयपुरम पहुंचे। वे कल डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय 'तिरंगा कॉन्सर्ट ऑन वंदे मातरम्' कार्यक्रम में शामिल होंगे।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष और ड्रोन जैसे उभरते क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता विकसित भारत की मजबूत नींव रखेगी।
3. समाज कल्याण निदेशालय द्वारा फेरारगंज स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में बाल संरक्षण जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
4. फिनिक्स बे जेट्टी से संचालित सभी हार्बर फेरी सेवाएं कल दोपहर साढ़े बारह बजे से शाम छ बजे तक प्रशासनिक कारणों से निलंबित रहेंगी।

<><><><><><>

उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन आज दो दिवसीय दौरे पर अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के श्री विजयपुरम् पहुंचे। आईएनएस उत्क्रोश पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। आज शाम उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल का दौरा किया। उन्होंने शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित की और स्वतंत्रत ज्योति पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने वीर सावरकर की कोठरी सहित सेल्युलर जेल के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सेलुलर जेल महान स्वतंत्रता सेनानियों की देशभक्ति की ज्वलंत भावना का प्रतीक है। सेलुलर जेल का डिज़ाइन और निर्माण इस तरह किया गया था कि यह हर स्वतंत्रता सेनानी को अलग–थलग कर दे। वीर सावरकर और अन्य महान सेनानियों ने यहाँ संघर्ष किया और बिना किसी से मिले जेल में समय बिताया। उन्होंने यह भी कहा कि यहाँ आने वाले लोग समझ सकते हैं कि आज़ादी, खुशी और मुस्कान कभी भी साहस और महान बलिदान के बिना नहीं मिलतीं। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल में लाइट एंड साउंड शो भी देखा।

<><><><><><>

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णा कल हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेंगे और श्री विजयपुरम् के फ्लैग प्वाइंट पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसके बाद वे डॉ. बी. आर. अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी सभागार में आयोजित 'तिरंगा कॉन्सर्ट ऑन वंदे मातरम्' राज्य समारोह में शामिल होंगे। दौरे के दूसरे दिन दोपहर में श्री राधाकृष्णन नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप का भी दौरा करेंगे। वे वहां ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन करेंगे तथा द्वीप के इतिहास और प्रस्तावित भावी विकास से संबंधित जानकारी प्राप्त करेंगे।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान– आई.आई.टी. दिल्ली के विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने निर्णयों में राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखें। श्री मोदी ने आई.आई.टी. दिल्ली के सत्तावनवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक पीढ़ी अपने समय की विशिष्ट चुनौतियों का सामना करती है और अपनी राष्ट्रीय जिम्मेदारी निभाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में नए क्षेत्रों के विकास से युवाओं के लिए नए अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष और ड्रोन जैसे क्षेत्रों का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि आत्मनिर्भरता की यह पहल विकसित भारत के निर्माण के लिए एक मजबूत आधार का काम करेगी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया के युग में उत्पन्न होने वाले विकर्षणों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को वेतन, नौकरी या कार्यक्षेत्र के आधार पर दूसरों से अपनी तुलना करने से बचना चाहिए।

<><><><><><>

राज्य बाल संरक्षण सोसायटी, समाज कल्याण निदेशालय द्वारा फेरारगंज के माइल तिलक गांव स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में बाल संरक्षण जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के अधिकार, बाल संरक्षण और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में 'बाल श्रम को कहें ना', 'हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार' और 'बच्चे हमारा भविष्य हैं' विषय पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें बच्चों और अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में SCPS की कार्यक्रम प्रबंधक ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित एवं पोषणयुक्त वातावरण में रहने का मौलिक अधिकार है। उन्होंने समुदाय से बाल शोषण, बाल श्रम, बाल विवाह अथवा उपेक्षा और हिंसा की किसी भी घटना के प्रति सतर्क रहने तथा जरूरतमंद बच्चों की सहायता के लिए संबंधित अधिकारियों या चाइल्डलाइन 1098 पर तत्काल सूचना देने को कहा।

<><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र एवं आकाशवाणी, श्री विजय पुरम द्वारा डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में कल आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कार्यक्रम 'तिरंगा कॉन्सर्ट ऑन वंदे मातरम्' का लाइव प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सुबह 9 बजकर 50 मिनट से कार्यक्रम की समाप्ति तक दूरदर्शन केंद्र, श्री विजय पुरम के आधिकारिक यूट्यूब चैनल '@ddksrivijayapuram' पर उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी, श्री विजय पुरम द्वारा भी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा।

<><><><><><><>

फिनिक्स बे जेट्टी से संचालित सभी हार्बर फेरी सेवाएं कल दोपहर साढ़े बारह बजे से शाम छ बजे तक प्रशासनिक कारणों से निलंबित रहेंगी। इस अवधि के दौरान फिनिक्स बे और बम्बूफ़्लाट जेट्टी के बीच आपातकालीन फेरी सेवा जारी रहेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए निलंबन अवधि में चाथम जेट्टी से बम्बूफ़्लाट और होपटाउन के लिए अतिरिक्त यात्री फेरी सेवाएं संचालित की जाएंगी। शाम छ बजे के बाद फेरी सेवाएं नियमित कर दी जाएंगी। प्रशासन ने सभी यात्रियों और पर्यटकों से अपने आवागमन की योजना इसी के अनुसार बनाने की अपील की है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के स्थानीय संगीत एवं सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से द्वीपसमूह के युवाओं और डिजिटल रचनाकारों से जेम्स ऑफ इंडिया' चैलेंज में भाग लेने का आग्रह किया गया है। 'जेम्स ऑफ इंडिया' चैलेंज सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रसार भारती के सहयोग से शुरू की गई एक राष्ट्रीय पहल है। संस्कृति और विरासत, स्थानीय व्यंजन, लोक परंपराएं, प्रदर्शन कलाएं, प्रकृति, इको–टूरिज्म और प्रेरणादायक स्थानीय कहानियां विषय के साथ प्रतिभागी 1 से 3 मिनट की अवधि के छोटे वीडियो, रील्स और व्लॉग्स के साथ WAVES OTT प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपना मूल कंटेंट अपलोड कर सकते हैं। पायलट चरण के लिए प्रविष्टियां जमा करने की विंडो 31 अगस्त तक खुली रहेगी। विभिन्न स्तर के प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। अधिक जानकारी MyWAVES प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

डिगलीपुर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विभिन्न डिप्लोमा कार्यक्रमों में अतिथि प्रवक्ता एवं अंश कालिक प्रशिक्षकों की भर्ती के लिए साक्षात्कार 13 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। योग्यता, साक्षात्कार कार्यक्रम एवं डेमो विषयों की विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पात्र अभ्यर्थियों को अपना आवेदन, शैक्षणिक योग्यता, प्रशिक्षण एवं अनुभव आदि की स्वप्रमाणित प्रतियां जमा करनी होंगी। दस्तावेजों के सत्यापन के लिए मूल प्रमाणपत्र भी साथ लाना अनिवार्य है। अभ्यर्थी किसी भी जानकारी के लिए कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक डीब्रेट के अकादमिक प्रकोष्ठ और संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय महाविद्यालय में दो वर्षीय बी.एड. कार्यक्रम 2026–28 में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। पात्र अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र 12 अगस्त तक जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में 13 अगस्त तक एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। मौसम की स्थिति को देखते हुए मछुआरों को 12 अगस्त तक अंडमान–निकोबार के तटों और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>